(iii) निदेशक,

सांस्कृतिक सम्पदा के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ अथवा उसके द्वारा मनोनीत व्यक्ति

कार्य :

समिति, संरक्षण की दृष्टि से प्रत्येक कला वस्तु की जांच करती है और इसकी रिपोर्ट विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत की जाती है ।

मध्य प्रदेश में रेल विस्तार परियोजनाएं

1817. **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश सरकार से रेल विस्तार की कितनी परियोजनाएं विचारार्थ प्राप्त हुई ; और

(ख) इस अवधि के दौरान सरकार ने इनमें से प्रत्येक प्रस्ताव पर क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश सरकार ने बहुत सी नयी रेल लाइनों के निर्माण का सुझाव दिया है । नयी लाइनें और उन पर की गयी कार्रवाई नीचे दी गयी है :—

1. सतना–रीवां

इसका निर्माण शुरू कर दिया गया है।

2. डल्ली राजहरा–जगदलपुर

डल्ली राजहरा–रावघाट के प्रथम चरण का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसे वित्त पोषक करने के प्रश्न पर संबंधित एजेंसियों और योजना आयोग के साथ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है । रावघाट–जगदलपुर का सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।

3. दाहोद–इन्दौर

इस लाइन का पुनर्मूल्यांकन सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है ।

4. ललितपुर–सतना–सिंगरौली

इस लाइन का सर्वेक्षण किया गया था और इस परियोजना को वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद पाया गया था ।

5. मलनपुर–ग्वालियर

मलनपुर के समीप गुना–इटावा नयी रेल लाइन को शुरू करने के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा रहा है ।

6. खण्डवा–दाहोद

7. पांढुरना–खण्डवा

8. रीवां–मिर्जापुर

मद 6 से 8 तक का काम शुरू किये जाने के लिए विचार नहीं किया जा सका।

Vaccines testing laboratories in the coun-

2818. SHRI RAFIQUE ALAM: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE

(a) what are the names of Government and approved testing laboratories for vaccines in India;

(b) whether it is a fact that none of the laboratories in the country have faci-
to test all recent vaccines being imported in the country; and

(c) if so what arc the names of those vaccines for which there is no testing faci lity available and how the standard of these imported vaccines are ensured to protect the users against any ill-effects thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE) (a) The Central Research Institute, Kasauli is the only statutory laboratory for the testing of the human vaccines